सार-समाचार

सारण परिवार ने पेश किया अनूठा उदाहरण

सीकर (निसं)। श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज सीकर में स्व. देहदानी रूडाराम सारण, निवासी घिरणियां बडा तहसील नेछवा, सीकर की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी धर्मपत्नि धन्नी देवी, पुत्र मोहन सिंह (फौजी), पुत्रवधू सोनी देवी ने देहदान की घोषणा की एवं सारण परिवार की प्रेरणा से हरलाल फेनिन पुत्र गोमाराम फेनिन निवासी काछवा सीकर, चन्द्रभान वर्मा पुत्र कुल्डाराम चौधरी एवं विमला देवी धर्मपत्नि चन्द्रभान वर्मा निवासी पिपराली रोड सीकर ने भी अपने देहदान की घोषणा की। देहदान एक ऐसा महान कार्य है, जिसके माध्यम से मृत्यु के पश्चात् हम अपने शरीर को चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए समर्पित कर सकते हैं। मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र मानव शरीर की संरचना को समझने के लिए दान की गई देह का अध्ययन करते हैं। यही विद्यार्थी आगे चलकर कुशल डॉक्टर बनते हैं और अनगिनत लोगों का जीवन बचाते हैं। यह परोपकार, करुणा और मानव सेवा की सर्वोच्च भावना को दर्शाता है। देहदान अंत नहीं, बल्कि मानवता की एक नई शुरुआत है। इस मौके पर स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह के निदेशक रामनिवास ढाका, भागीरथ सारण पुत्र देहदानी रूडाराम सारण, जिलाध्यक्ष, ग्राम विकास अधिकारी, सीकर, गंगाधर सारण पुत्र मोहनसिंह (फौजी), अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी, समितियां, जयपुर, डां. ममता सारण पुत्री भागीरथ सारण, चिकित्सा अधिकारी, एडवोकेट भगतसिंह पुत्र चन्द्रभान वर्मा, बी. एल. मील, सत्येन्द्र कुडी, सुभाष निठारवाल, बनवारी फोगावट, ओमपाल सिंह, डां. मुकेश मातवा, हरदेवा राम रूहेला, डां. अशोक कुमार, प्रिसीपल, मेडिकल कॉलेज, सीकर, डां. सरयू सैन, एचओडी, एनाटॉमी विभाग एवं डां. विश्वदीपक सहित गणमान्य लोगो की उपस्थिति में घोषणा की।

अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण दल रवाना

पाटन (निसं)। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की ओर से शुक्रवार को पाटन कस्बे से सात दिवसीय अंतर्राज्यीय कृषक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह भ्रमण प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डाबला व पाटन स्थित जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण क्षेत्र के चयनित किसानों के लिए आयोजित किया गया है।कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस शैक्षिणक भ्रमण का उद्देश्य किसानों को राज्य के बाहर अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धितयों, जल संरक्षण तकनीकों और सफल जलग्रहण मॉडल का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना है, ताकि वे अपने क्षेत्र में भी इन नवाचारों को अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकें।भ्रमण दल करीब 2500 किलोमीटर की यात्रा करेगा। यात्रा 20 फरवरी को पाटन से प्रारंभ होकर 26 फरवरी को अजमेर होते हुए पुन: पाटन पहुंचेगी। इस दौरान दल राजस्थान और गुजरात के कई महत्वपूर्ण कृषि एवं जलग्रहण स्थलों का अवलोकन करेगा।कार्यक्रम के अंतर्गत दल चित्तौड़गढ़ जिले में आगोरिया चरागाह, ग्राम पंचायत आगोरिया, ब्लॉक भदेसर का दौरा करेगा, जहां सफल जलग्रहण विकास कार्यों का अध्ययन किया जाएगा। इसके पश्चात दल दाहोद (गुजरात) में एन.एम. सतगुरू फाउण्डेशन द्वारा किए जा रहे जलग्रहण एवं जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण करेगा।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से किसानों को व्यवहारिक जानकारी मिलती है और वे आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। इससे क्षेत्र में जल प्रबंधन सुदृढ़ होने के साथ कृषि उत्पादकता में भी सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद है।

विकास अभियान का शुभारंभ

चूरू (निसं)। मेरा युवा भारत चूरू के तत्वावधान में शुक्रवार को माय भारत युवा मंडल विकास अभियान का शुभारंभ जिला स्टेडियम में किया गया। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी ने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अभियान को सफल बनाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का आ ान किया। कार्यक्रम में लेखाधिकारी महेश कुमार सैनी, सुरेन्द्र कुमार, मनीष, संदीप सैनी, शहजाद अली, हितेश सोनी, नवीन, दिनेश, प्रकाश, राकेश आदि उपस्थित थे। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 5 दिनों तक विभिन्न गांवों में जाकर युवाओं को संगठित कर युवा मंडलों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत टीम के सदस्यों, स्वयंसेवकों व युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

एक युवक का शव पड़ा मिला

सीकर (निसं)। जिले के दांतारामगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक युवक का शव पडा मिला। बाय गांव में शराब ठेके के पास एक युवक का शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। खाटूश्यामजी सदर थाना सीआई अमित नागोरा मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया। खाटू सदर सीआई अमित नागोरा ने बताया कि आज सुबह थाना क्षेत्र के बाय गांव में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। युवक का शव शराब के ठेके के पास पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया और खाटूश्यामजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। युवक के हुलिए के आधार पर शिनाख्तगी की गई। मृतक की पहचान नांगल बाय निवासी हेमंत रैगर(24) के रूप में हुई है। सीआई नागोरा ने बताया कि युवक के शव का खाटूश्यामजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। प्रथम दृष्टया ज्यादा शराब पीने की वजह से मौत हुई लग रही है। घटनास्थल पर टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के परिजनों ने इस संबंध में मर्ग दर्ज करवाई है।

विभिन्न खेलों से संबंधित बैठक आयोजित

नोहर, (निसं)। स्थानीय बिहानी स्टेडियम में नोहर टेबिल टेनिस क्लब नोहर के खिलाडियों ओर विभिन्न खेलों से संबंधित खिलाड़ियों की एक संयुक्त बैठक जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ के सचिव शशिकांत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से राजीव पारीक को अध्यक्ष बनाकर नव नियुक्त अध्यक्ष राजीव पारीक को नोहर टेबिल टेनिस क्लब नोहर की कार्यकारणी बनाने का अधिकार दिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव पारीक ने सभी को साथ लेकर नोहर में टेबिल टेनिस को बढ़ावा देने का संकल्प लिया ओर जल्द ही कार्यकारणी विस्तार का वायदा किया। इस मौके पर वरिष्ठ कोच जुल्फिकार पठान, महेश कौशिक, जगदीश सेठी, जयकिशन वर्मा, राकेश नागल, गुलफान, लूणाराम कोच, एथलेटिक्स कोच विनोद कुमार, अनिल कोच, एकता, स्नेहा, ज्योति सैनी, प्रियंका, माया, शीशपाल सैनी, जाकिर हुसैन, उमंग हिसारिया आदि उपस्थित थे।

54 किलो पॉलीथिन जप्त की

बीदासर (निस)सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन पर नगर पालिका की गठित टीम ने शुक्रवार को कस्बे के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 54 किलो से अधिक पॉलीथीन जब्त की है। अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ के निर्देशानुसार पालिका के सहायक अभियंता मुकेश कुमार स्वामी के नेतृत्व में गठित टीम ने कस्बे के मंडी बाजार, बैरी चैक, नगीना बाजार के अलग अलग प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर प्रतिबंधित पॉलीथीन की थैलियां जब्त की गई। पॉलीथीन जब्त कार्यवाही में पालिका की गठित टीम में सहायक अभियंता मुकेश कुमार, सफाई निरीक्षक गिरधारी लाल, जमादार तेजपाल, अशोक कुमार, विजेश रेगर, नोरतमल रेगर, मुरली मनोहर शामिल रहे।

रेंस्टोरेंट से नौ घरेलु सिलेंडर जब्त किए

बीदासर (निस) खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में घरेलु एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग अवैध रिफलिंग अवैध भंडारण और काला बजारी जैसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिला रसद विभाग की टीम ने शुक्रवार को एक हॉटल एवं एक रेंस्टोरेंट पर कार्यवाही करते हुए नौ घरेलु सिलेंडर व तीन खाली सिलेंडर जब्त किए है। जिला रसद विभाग की टीम के प्रवर्तन अधिकारी महिपाल सिंह राठौड़ व प्रवर्तन निरीक्षक जीतू सिंह ने कस्बे के सीकर नोखा रोड़ स्थित दो अलग अलग हॉटलों पर घरेलु सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग के चलते 9 भरे हुए व 4 खाली सिलेंडर जब्त की कार्यवाही की।

चिकित्सा शिविर का समापन

चूरू (निसं)। राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग चूरू की ओर से 11 से 20 फरवरी तक चल रहे 10 दिवसीय नि:शुल्क क्षार शल्य चिकित्सा शिविर का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद पद्धति से पाइल्स, फिस्टुला, फिशर के मरीजों की क्षार सूत्र से शल्य चिकित्सा की गई, जिसमें लगभग 105 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर के सह संयोजक डॉ. ओम प्रकाश चोयल ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक बीकानेर के डॉ. राधेश्याम शकरवाल थे।

'स्थानीय स्तर पर किये गए नवाचार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं'

चूरू (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल के मुख्य आतिथ्य में व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शैक्षिक परिदृश्य, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और विद्यालयों में संचालित नवाचारों की व्यापक समीक्षा की गई।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार महर्षि ने जिले की शैक्षिक उपलब्धियों, गुणवत्ता सुधार के प्रयासों तथा प्राथमिकताओं का तथ्य परक प्रस्तुतीकरण करते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। डाइट प्राचार्य व उपनिदेशक डॉ. गोविंद सिंह राठौड ने शिक्षक प्रशिक्षण, अकादमिक अनुश्रवण और क्षमता-विकास से जुड़े पहलुओं पर विचार व्यक्त किये। बैठक में जिले के प्रमुख नवाचारों की पहल, अटल टिंकरिंग लैब, लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम, सेक्टर समीक्षा मीटिंग पोर्टल, कोड चूरू नवाचार, सालासर बालाजी वेबसाइट तथा डिजिटल कंटेंट एकीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर सुराणा के नवोन्मेषी दृष्टिकोण के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों की क्रियान्वित की गई हैं, जिनका उद्देश्य शैक्षिणक गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और संस्थागत दक्षता को बढावा देना है।

शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने डाइट में समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये।

शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने राजस्थान में पहली बार आयोजित हैकाथॉन प्रतियोगिता एज्यूहैक चूरू को उल्लेखनीय पहल बताते हुए विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और समस्या-समाधान क्षमता की सराहना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मयंक शर्मा और नरपत सिंह से संवाद कर उनके प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली व उपयोग पर चर्चा की। बैठक के दौरान शासन सचिव ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विकसित नवाचार, यदि परिणामोन्मुख और विस्तार योग्य हो तो वे राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार केवल परियोजना नहीं, बल्कि सीखने के अनुभव को प्रासंगिक और भविष्य-उन्मुख बनाने का माध्यम हैं। सभी नवाचारों की प्रेजेंटेशन कंप्यूटर अनुदेशक गौरव कुमार शर्मा द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। बैठक में डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, एडीपीसी सरिता आत्रेय, सीडीओ भंवर लाल डूडी, डाइट उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय, भंवर गुर्जर, सुनील कुमार शर्मा, कुसुम शेखावत, दिनेश कुलहरी, विजय लक्ष्मी शेखावत, उमा सारस्वत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने डाइट में पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री लोक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 अप्रेल को लोक सेवा दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवकों को मुख्यमंत्री लोक सेवा उत्कृटता पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाता है।

पुरस्कार प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य लोक सेवकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करना, नवाचारों के लिए अभिप्रेरित करना, लोक सेवा के प्रति समर्पण भाव एवं कार्यकुशलता की अभिवृद्धि करना है। पुरस्कार के लिए 18 फरवरी 2026 से ऑन-लाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं।

पुरस्कार 3 श्रेणियों में 11 पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। अवार्ड प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 से पूर्व निर्धारित प्रारूप में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विकसित वेब पोर्टल://...के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

परीक्षा अवधि में डीजे-लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले में विद्यालयों व महाविद्यालयों की परीक्षाओं को देखते हुए विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु शांत वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. खुशाल यादव ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार 20 फरवरी, 2026 की मध्यरात्रि से 30 अप्रैल, 2026 तक जिले की राजस्व सीमा में प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा लाउडस्पीकर, डीजे या अन्य कोलाहल उत्पन्न करने वाले ध्वनि उपकरणों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पहले से ही पूर्णत: प्रतिबंधित है।

अत: 30 अप्रैल, 2026 तक संपूर्ण समयावधि के लिए प्रतिबंध लागू रहेगा।आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक स्थलों तथा विवाह समारोहों में निकासी, बारात स्वागत आदि कार्यक्रमों में सामान्य उपयोग की अनुमति रहेगी, परंतु निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक ध्वनि में संगीत या भजन बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा तथा इन कार्यक्रमों में डीजे का उपयोग भी वर्जित होगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना 11 जनवरी, 2010 के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पहले से ही पूर्णत: प्रतिबंधित है। अत: इस अवधि में किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर या डीजे बजाना निषिद्ध रहेगा।

अत्यंत विशेष परिस्थितियों में अनुमति देने का अधिकार संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट को रहेगा। निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित ध्वनि उपकरण एवं वाहन को पुलिस द्वारा जब्त किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 और राजस्थान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1963 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

भामाशाह प्रवीण यादव ने पूरे सत्र की कॉपियां-पेन की जिम्मेदारी उठाई

पाटन (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, ढाणी आचार्यों में संकुल प्रभारी किशोरी लाल सिंघल की प्रेरणा से भामाशाह प्रवीण यादव (ढाणी मंगला भागेगा) ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सत्र पर्यन्त कॉपियां, पेन-पेंसिल सहित आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई।ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय में कई विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं।

ऐसे में भामाशाह की यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी। शिक्षण सामग्री मिलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी और अभिभावकों पर भी आर्थिक बोझ कम होगा।

प्रवीण यादव ने आगामी सत्र में भी सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने का वचन दिया, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। संस्था प्रधान लक्ष्मीकांत शर्मा ने भामाशाह को साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके इस योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

नगर पालिका में घटिया निर्माण कार्य को लेकर वार्ड के लोगों ने विरोध जताया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर के भावनदेसर रोड पर लंबे समय से नाली निर्माण गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण वार्ड के लोगों ने विरोध जताया था। विरोध के बाद नगर पालिका द्वारा 20 लाख रुपए की राशि से अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया लेकिन कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण एवं पूरी पाइप लाइन नहीं डालने के कारण पूरी सडक जो की नई सडक थी उसको तोडा गया उसके बाद इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर स्कूल जाने वाले विद्यार्थी एवं आम जन को आने जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

इसी को ध्यान में रखते हुए वार्ड के प्रमुख पार्षद प्रतिनिधि मिर्जा राम मेघवाल , मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर, भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी , पार्षद पवन प्रजापत के नेतृत्व में वार्ड के सैकडो लोगों के साथ रास्ता जाम करके विरोध प्रकट किया एवं नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ भी खुले आम भ्रष्टाचार का आरोप लगाया यहां तक की कहा गया कि पता नहीं राजलदेसर में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस है या नहीं लेकिन कस्बे के अंदर जो हालात हैं वह बहुत खराब है।

नगर पालिका के अंदर सत्ता के दलाल सत्ता की दलाली करने में चुके नहीं साथ ही राजस्थान सरकार के पैसों का पूरी तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर ने कहा चुनाव का समय आ रहा है मेघवाल समाज को मीठी रेवड़ियां बांटने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस के दलाल समाज के लोगों के सामने सामुदायिक भवन में कमरा बनाना विद्यालय में विकास कार्य करवाना आदि लोभ लुभावने वादे कर रहे हैं।

लेकिन उन्होंने कहा 5 साल कहां गए थे वह इससे ज्यादा 30 लाख से अधिक का विकास कार्य इन वार्डो में भामाशाह के सहयोग से हुआ है। उन्होंने कहा नगर पालिका चुनाव में नेताओं को वार्ड में घुसने नहीं दिया जाएगा वहीं पार्षद प्रतिनिधि मिर्जा राम मेघवाल ने कहा समय अब भ्रष्टाचार एवं चोरों के खिलाफ लड़ने का आ गया है आने वाले चुनाव में राजलदेसर में ईमानदार नेताओं को चुना जाएगा। कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने कहा आजादी के बाद दो तरह की लडाई लडी गई एक तो गोरों के खिलाफ एक अब लडी जा रही है राजलदेसर में चोरों के खिलाफ उन्होंने कहा नगर पालिका में 5 करोड से अधिक फर्जी बिलों पर साइन करके जिस तरह से पेमेंट उठाया गया है उन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस भाजपा के नेताओं के खिलाफ सभी ने जमकर नारेबाजी की एवं भविष्य में बड़ा आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। इस मौके पर कन्हैया लाल बारूपाल, पवन प्रजापत, नोरतराम , सांवरमल पडिहार, परमेश्वर बारूपाल, चंद्राराम, भंवरलाल सुनिया, अमराराम, मनोज, सांवरमल नायक, सोपाल नायक, जगदीश साट्टीया, कमल नायक, गिरधारी मेघवाल, राशिद धोबी ख्यालीराम, धर्माराम, किशोर कामड, नाथूराम वाल्मीकि रामनिवास भोपा सहित सैकडों वार्डवासी मौजूद रहे।

श्री राजलदेसर गौशाला में गौ सेवार्थ फागोत्सव 1 मार्च को

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मार्च को गौ सेवार्थ फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर श्री राजलदेसर गौशाला में फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, भामाशाह मदनलाल बैंद, गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, कार्यक्रम संयोजक कैलाश सोनी के सानिध्य में फोल्डर का विमोचन किया गया। जिसमें 1 मार्च को होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कलाकार शहनाज फोगा की शानदार प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा डेरु नृत्य, चंग नृत्य, गीदड, राजस्थानी घूमर, धरती धोरा री सहित अनेकों बाहर के एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, तहसीलदार हरदीप सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने आयोजन को लेकर उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था रहेगी।

सीकर जिले में 219254 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

- गिव अप अभियान में सीकर जिले में 1186 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये, जिनसे वसूली की कार्यवाही होगी

सीकर (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड: परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 219254 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडा है।

गिव अप अभियान में सीकर जिले में 1186 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे।

प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारो के सहयोग से सूची तैयार करेंगे तथा वसूली एवं नोटिस संबंधी कार्यवाही भी करेंगे। खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और वसूली की कार्यवाही की जायेगी।

पंचायत आम चुनाव 2026 के लिए भवन एवं खेल मैदान अधिग्रहित

सीकर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर पंचायत आम चुनाव 2026 के मध्यनजर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत विभिन्न भवनों एवं खेल मैदानों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुविधाओं सहित अधिग्रहित किया है।

आदेशानुसार नोडल अधिकारी, सामान्य व्यवस्था एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, पंचायत आम चुनाव 2026 को निर्देशित किया गया है कि अधिग्रहित भवनों एवं खेल मैदानों में चुनाव संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।

आदेशानुसार श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सिल्वर जुबली रोड सीकर,खेल मैदान न.1 श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिल्वर जुबली रोड सीकर, खेल मैदान न.2 श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिल्वर जुबली रोड सीकर, सभागार जिला परिषद सीकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर परिसर को पंचायत आम चुनाव 2026 की व्यवस्थाओं के लिए अधिग्रहित किया गया है।

रंगदारी वसूलने वाले 'टाइगर गैंग' के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

नीमकाथाना (निसं)। क्षेत्र में बढ़ती रंगदारी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए पाटन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर कुख्यात 'टाइगर गैंग' के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह क्रेशर और खान मालिकों के साथ-साथ व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलता था।पाटन थानाधिकारी रमेश चंद्र मीणा ने बताया कि इंद्राज उर्फ टाइगर के नेतृत्व में सक्रिय यह गैंग नीम का थाना और उदयपुरवाटी क्षेत्र में लंबे समय से रंगदारी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पैसे नहीं देने पर व्यापारियों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती थी, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गैंग के सरगना इंद्राज उर्फ टाइगर के खिलाफ पाटन सहित विभिन्न थानों में 13 मामले दर्ज हैं, जो वर्तमान में विचाराधीन हैं। उसके सहयोगी अशोक कुमार उर्फ एस.पी. के खिलाफ 15, किशनलाल उर्फ कृष्ण उर्फ के.के. के खिलाफ 3 तथा ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश के खिलाफ भी 3 प्रकरण दर्ज हैं।

सूत्रों के अनुसार, गिरोह पाटन क्षेत्र के व्यापारियों के साथ किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। गिरोह के खौफ के चलते पीड़ित खुलकर सामने आने से कतरा रहे थे और गवाही देने को तैयार नहीं हो रहे थे।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हेमराजपुरा, हसामपुर, बोपिया, सरूण्ड, कोटपुतली, प्रागपुरा, पावटा, शाहपुरा और जयपुर सहित संभावित ठिकानों पर दबिश दी।

सीकर की साइबर सेल के सहयोग से पुलिस ने किशनलाल उर्फ कृष्ण उर्फ के.के. और ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। गैंग के मुख्य सरगना इंद्राज उर्फ टाइगर और उसके साथी अशोक कुमार उर्फ एस.पी. को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

खाटूश्यामजी का लक्खी मेला आज से

- मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा
- मेले में तैनात करेगा चिकित्सा विभाग का जाब्ता

सीकर, (निसं)। खाटूश्यामजी के फाल्गुन के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा विभाग की ओर से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। खाटूश्यामजी का लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू होगा। मेले में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए मेडिकल प्वाइंट पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकूल शर्मा के निर्देशन में विभाग की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा व सेवाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टैक्निशयन, एएनएम व सीएचओ का तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 70 से अधिक चिकित्सा अधिकारी, 225 से अधिक नर्सिंग अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन, एएनएम, एआरजी, सीएचओ की ड्यूटी लगाई गई हैं।

इसके अलावा मेले आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध व ताजा खाद्य वस्तुएं, प्रसाद सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा व प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मेले में खाद्य वस्तुओं की दुकानो व प्र